# AB InBev ने यूपी सरकार के साथ MoU पर किए हस्ताक्षर, 1000 करोड़ रुपये का करेगा निवेश

## *बडवाइज़र बीयर बनाने वाली कंपनी Anheuser-Busch InBev (AB InBev) ने यूपी में किया 1,000 करोड़ रुपये का निवेश*

**लखनऊ, 21 जनवरी, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह और बेल्जियम की नामी बेवरेज कंपनी अनहेयज़र-बुश इनबेव ((Anheuser-Busch InBev) के भारतीय क्षेत्र के प्रेसिडेंट, श्री कार्तिकेय शर्मा (President India Affairs of Anheuser-Busch InBev, Mr. Karthikeya Sharma) ने उत्तर प्रदेश में एक नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये के निवेश हेतु एक समझौता पत्र (MoU) पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू प्रतिष्ठित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) की वार्षिक बैठक डावोस 2025 में सपन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री के सचिव श्री अमित सिंह, इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री प्रथमेश कुमार और अन्य विशिष्ट गणमान्य लोग मौजूद रहे।

दुनिया की सबसे बड़ी बीर निर्माता कंपनियों में से एक अनहेयज़र-बुश इनबेव (Anheuser-Busch InBev) कंपनी अपनी वैश्विक उपस्थिति और **बडवाइज़र, कोरोना और स्टेला आर्टोईस** जैसे प्रसिद्ध बियर ब्रांड्स के लिए जानी जाती है। 50 से अधिक देशों में संचालन और 100 से अधिक बाजारों में अपनी पहुंच रखने वाली अनहेयज़र-बुश इनबेव का उत्तर प्रदेश में निवेश करने का निर्णय राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने सहयोग के विभिन्न संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की। जिनमें ब्रूइंग सुविधाओं का विस्तार, क्राफ्ट बियर साझेदारी स्थापित करना और स्थिरता पहलों में निवेश शामिल था। इन पहलों में जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, वितरण नेटवर्क को बढ़ाने और अनहेयज़र-बुश इनबेव के नॉन-एल्कोहलिक बेवरेज पोर्टफोलियो (जिसमें बडवाइज़र जैसे उत्पाद शामिल हैं) का विस्तार करने पर भी चर्चा की गई।

राज्य की औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 और खाद्य प्रसंस्करण नीति 2023 के तहत, उत्तर प्रदेश सरकार अनहेयज़र-बुश इनबेव जैसी कंपनियों को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन प्रदान करती है। इनमें 42% तक की पूंजी सब्सिडी, 100% SGST रिफंड (जो निवेश के 300% तक सीमित है), स्टांप शुल्क और बिजली शुल्क में छूट शामिल हैं। परियोजना के लिए प्रमुख भूमि का निरीक्षण पहले ही किया जा चुका है, जिसमें सेक्टर 24, यीडा (YEIDA) में 36 हेक्टेयर और वर्तमान में अधिग्रहण के तहत 1,000 हेक्टेयर शामिल हैं।

यह निवेश उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ लाने की संभावना है, जिसमें रोजगार सृजन, कौशल विकास, राज्य के उन्नत लॉजिस्टिक्स और परिवहन बुनियादी ढांचे का बेहतर उपयोग शामिल है। राज्य की सुव्यवस्थित नियामक प्रक्रियाएं और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करना इसे निवेश के लिए एक आकर्षक स्थल बनाता है।

अनहेयज़र-बुश इनबेव से इस प्रतिबद्धता के साथ उत्तर प्रदेश अपने आप को वैश्विक निवेश और औद्योगिक विकास के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।